हिन्दुस्तान
वाराणसी, शुक्रवार, 16 सितंबर 2022

एसएमएस में तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को हुई। एमबीए-एमसीए पाठ्यक्रमों के संयुक्त कार्यक्रम को निदेशक प्रो. पीएन झा ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि प्रिज्म जॉनसन के जीएम (एचआर) संजय रामदास काम्बेकर, नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रमुख इबाद हनीफ व उत्कर्ष को-इन्वेस्टमेंट लि. के एमडी अश्विनी कुमार रहे।

हिन्दुस्तान
SMART
वाराणसी, शुक्रवार, 16 सितंबर 2022

एसएमएस में तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को हुई। एमबीए-एमसीए पाठ्यक्रमों के संयुक्त कार्यक्रम को निदेशक प्रो. पीएन झा ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि प्रिज्म जॉनसन के जीएम (एचआर) संजय रामदास काम्बेकर, नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रमुख इबाद हनीफ व उत्कर्ष को-इन्वेस्टमेंट लि. के एमडी अश्विनी कुमार रहे।

दैनिक जागरण

inext

Varanasi, 16 September 2022

एसएमएस में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

VARANASI : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आगाज हो गया है. इस मौके पर निदेशक पीएन झा ने बच्चों से वार्तालाप किया और नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्य चीजों पर ध्यान के लिए प्रेरित किया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिज्म जानसन के एमडी संजय रामदास काम्बेकर रहे. उन्होंने इस मौके पर धैर्य और जोश के साथ काम करने के लिए कहा.

दैनिक जागरण

वाराणसी, 16 सितंबर, 2022

नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयारी कर रहे विद्यार्थी : प्रो. झा

वाराणसी (वि.) : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को की गई। निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयार करने के लिए संस्थान पूर्ण रूप से समर्पित है। विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग व अन्य तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह समय की महत्ता को समझना सफलता की दिशा में पहला कमद बढ़ाने जैसा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रिज्म जानसन के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय रामदास कांबेकर, मुख्य अतिथि नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख इबाद हनीफ, विशिष्ट अतिथि उत्कर्ष को-इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अश्वीनी कुमार, संस्थान के अधिशासी कुलसचिव डा. एमपी सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा
शुक्रवार • 16 सितम्बर • 2022

स्वप्रबंधन से सुनिश्चित होती है सफलता की राह

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। फोटो : एसएनबी

वाराणसी (एसएनबी)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, वाराणसी में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को हुई। संस्थान में संचालित एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम के लिए संयुक्त रूप से आयोजित ओरिएंटेशन उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि विद्यार्थियों को नयी शिक्षा नीति के अनुसार तैयार करने के लिए संस्थान पूर्ण रूप से समर्पित है। विद्यार्थीयों को मशीन लर्निंग और अन्य तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रो. झा ने कहा कि समय की महत्ता को समझना सफलता की दिशा में पहला कदम बढ़ाने जैसा है। आज वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रबंधन, तकनीकी सहित तमाम क्षेत्रों में तेजी से बदलाव हो रहे है। इन बदलावों को समझना और उसके अनुरूप खुद को ढालना वर्तमान समय की मांग है।

मुख्य अतिथि प्रिज्म जॉनसन के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय रामदास काम्बेकर ने नवागंतुक विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब आप विद्यार्थी से पेशेवर बनने की राह पर है। प्रबंधन पर जोर देते हुए श्री काम्बेकर ने कहा कि अपनी खुद की जीवन शैली में प्रबंधन के गुणों को लाकर ही भविष्य में नेतृत्वकर्ता बना जा सकता है। उद्देश्यपरकता, धैर्य और जोश को उन्होंने सफलता का मूलमंत्र बताया। अतिथि इबाद हनीफ, प्रमुख नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के दौरान आवश्यक बारीकियों को ध्यान रखने योग्य जरूरी तथ्यो से अवगत कराया। विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारियों से अवगत कराते हुए श्री हनीफ कहा कि आज समय बहु विषयक एप्रोच का है ऐसे में यह जरूरी है कि दृष्टिकोण को विकसित किया जाय और व्यवहारिक बनाया जाय। बतौर विशेषज्ञ विशिष्ट अतिथि अश्विनी कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्कर्ष को- इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने विद्यार्थियों से समय और नैतिकता को जीवन में सर्वोच्च स्थान पर रखने का आह्वान किया। उदघाटन सत्र में एसएमएस की प्रस्तावना से प्रो. अविनाश चंद्र सूपकर ने अवगत कराया। संचालन डा. पल्लवी पाठक व धन्यवाद ज्ञापन डा. अमिताभ पांडेय ने किया। इस दौरान अन्य तकनीकी सत्रों को क्रमशः डा. भावना सिंह और डा. सोफिया खान ने संचालित किया। इस दौरान अधिशासी कुलसचिव डा. एम पी सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।